@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Tuesday, 05 May 2026 | PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 230 Pages 04 | ₹3.00

## "Lotus Ascendant: Narendra Modi Hails 'Historic Mandate' as BJP Stakes Claim in West Bengal"

FAIR REPORT

**NEW DELHI:** Prime Minister Narendra Modi on Monday described the Bharatiya Janata Party's victory in West Bengal as a "historic moment," asserting that the electoral outcome reflected the will of the people and years of sustained grassroots effort by party workers.

Addressing party members at the BJP headquarters, Mr. Modi said the mandate signalled a decisive shift in the State's political landscape. He emphasised that the new government would prioritise governance, development, and welfare, announcing that key schemes such as Ayushman Bharat would be cleared in the first Cabinet meeting.

Framing the victory in symbolic terms, the Prime Minister remarked that the "lotus has bloomed from Gangotri to Gangasagar," underscoring the party's expanding footprint. He also reiterated commitments to women's safety, youth employment, and curbing illegal infiltration.

Mr. Modi credited the triumph to "countless party workers" whose efforts over generations, he said, had transformed political aspiration into reality. The results, he added, marked not just an electoral win but the beginning of a new governance chapter in West Bengal.



## Chief Secretary leads push as Parliamentary panel reviews rural development schemes in Rajasthan



FAIR REPORT

**JAIPUR:** Placing the State's administrative leadership at the centre of its rural transformation narrative, Rajasthan's Chief Secretary on Monday steered a high-level review of development programmes during a visit by a Parliamentary Standing Committee, underlining the State's "results-driven and accountable governance model".

The Committee held detailed deliberations with senior officials, but it was the Chief Secretary who set the tone of the meeting, presenting a consolidated picture of progress across flagship schemes and emphasising measurable outcomes on the ground. From rural housing and sanitation to employment generation and connectivity, the State's performance was showcased as a product of close monitoring and administrative coordination.

"The convergence of strong institutional oversight and efficient execution has enabled Rajasthan to register substantial gains in rural development," the Chief Secretary said, pointing to improvements in last-mile delivery and fund utilisation. He stressed that continuous review at the highest level had helped identify bottlenecks early and ensure timely corrective action.

Officials, under his direction, presented district-wise data and outlined steps taken to enhance transparency, including the use of technology to plug leakages. The Chief Secretary also addressed concerns flagged by the Committee, including delays in fund disbursement and capacity challenges at the panchayat level, assuring that targeted interventions were already underway. Members of the Committee acknowledged the progress but called for sustained focus on aspirational and remote regions. In response, the Chief Secretary reiterated the State's commitment to inclusive growth, stating that bridging regional gaps remained a priority.

Field feedback and beneficiary accounts presented during the meeting indicated tangible improvements in living standards across several districts, reinforcing the State Government's claims of effective implementation.

Concluding the review, the Committee emphasised continued evaluation, while the Chief Secretary assured full cooperation and a continued emphasis on outcome-oriented governance to ensure that rural development initiatives translate into long-term socio-economic gains.

## BJP's Bengal Breakthrough: Bhajan Lal Sharma Emerges as the Face of Rajasthan's Winning Strategy

FAIR REPORT
BY HEMRAJ TIKAMCHAND

In a significant political development, the Bharatiya Janata Party's victory in West Bengal is being widely attributed to a sharply executed ground strategy, with Bhajan Lal Sharma emerging as a central figure behind the campaign's success. At the core of this electoral push was a disciplined and deeply structured approach that prioritised booth-level mobilisation and direct voter engagement. Chief Minister Sharma's targeted outreach, particularly in northern Bengal regions such as Siliguri, is being seen as a decisive factor in consolidating support on the ground. His active involvement energised local cadres and strengthened the party's connect with voters across key constituencies. Senior strategist Bhupender Yadav also played a crucial role in shaping the broader campaign framework, overseeing candidate selection, booth management, and organisational coordination. The large-scale implementation of the "panna pramukh" model across nearly 40,000 booths further reinforced grassroots connectivity. Campaigns led by Prime Minister Narendra Modi added momentum, but insiders suggest it was the sustained ground execution led by Sharma that translated momentum into measurable results.

Political analysts now view Bhajan Lal Sharma as a key architect of this breakthrough, highlighting a shift in the BJP's strategy—where strong regional leadership and micro-level planning are driving electoral success.

## Banerjee loses Bhabanipur seat; Adhikari claims second high-profile victory

FAIR REPORT

**KOLKATA:** In a major political upset, Mamata Banerjee has lost the Bhabanipur Assembly seat by over 15,000 votes to Suvendu Adhikari of the Bharatiya Janata Party (BJP), marking a significant shift in West Bengal's political landscape.



Mr. Adhikari's victory is being seen as a major personal and political triumph, coming after he had earlier defeated Ms. Banerjee in the high-stakes Nandigram contest in 2021. The back-to-back wins underscore his growing influence within the BJP and signal a deepening challenge to the dominance of the All India Trinamool Congress in the State.

The defeat is expected to have far-reaching implications for the ruling party, raising questions about leadership and voter sentiment in urban strongholds. Political observers say the result could reshape the contours of the State's electoral politics in the months ahead.

## "Mandate Across Regions: Narendra Modi Links BJP's Eastern Surge to Wider Electoral Momentum"

FAIR REPORT

**NEW DELHI:** Prime Minister Narendra Modi on Monday framed the Bharatiya Janata Party's performance in multiple States as a sign of shifting political currents, as the party celebrated gains in eastern and southern regions following recent Assembly election results.



Addressing party workers at the BJP headquarters, Mr. Modi highlighted victories and advances in West Bengal and Assam, while also referring to political developments in Tamil Nadu and Puducherry. He said the outcomes reflected a growing acceptance of the party's governance model and development agenda across diverse regions. Describing the moment as "historic," the Prime Minister asserted that the electoral mandate was driven by grassroots mobilisation and public aspirations for stability and economic opportunity. He reiterated that welfare initiatives, including Ayushman Bharat, would be prioritised in newly formed governments. Mr. Modi also underscored commitments to employment generation, women's safety, and infrastructure expansion, positioning the results as part of a broader national trajectory. Political analysts note that while the BJP's footprint has expanded in several regions, the outcomes across States remain varied, reflecting complex local dynamics and alliances.

## FROM CHHATTISGARH TO THE COSMOS: A LATE-BLOOMING ENTREPRENEUR'S BOLD SPACE DREAM



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*

In a region more commonly associated with forests and mineral wealth than advanced scientific enterprise, a remarkable journey into the space sector has taken shape under the night skies of Chhattisgarh. Marked by limited access to institutional support, mentorship, and technical ecosystems, the pursuit of building rockets and satellites from such a background appears improbable. Yet, for one entrepreneur, this improbability evolved into a defining mission.

From an early age, a deep curiosity about the cosmos fostered a scientific temperament. However, the absence of guidance and exposure posed persistent challenges. Without formal affiliations or connections to premier institutions such as the Indian Space Research Organisation, the pathway into the space domain remained unclear and uncertain. Social skepticism further compounded these barriers, often manifesting in dismissive responses to the idea of a space startup emerging from a non-traditional geography.



A critical inflection point emerged from a deeply personal moment. During a period of self-doubt, a simple affirmation from his six-year-old son—"You can do it"—provided renewed psychological resolve. This moment underscores the interplay between personal motivation and resilience in entrepreneurial trajectories, particularly in high-risk, knowledge-intensive sectors.

At the age of 45, the entrepreneur undertook a significant academic reinvention. Engaging with university libraries, lectures, and digital learning platforms, he systematically acquired knowledge in orbital mechanics, remote sensing, and satellite subsystems. This phase not only bridged technical gaps but also demonstrated the viability of non-linear career pathways in advanced scientific domains.

Structural reforms within India's space policy landscape played a catalytic role. The liberalization of the sector and the establishment of IN-SPACe facilitated private sector participation, enabling access to institutional expertise and collaborative opportunities. Leveraging these developments, the venture has initiated work on hyperspectral satellite systems under the CEOS constellation, aiming to deliver high-frequency Earth observation data with a two-day revisit capability. Beyond terrestrial applications, the enterprise envisions a long-term expansion into lunar exploration. Planned lunar observation satellites seek to map surface composition, identify water ice deposits, and assess mineral resources, contributing to the emerging discourse on extraterrestrial resource utilization. Engagements with global platforms, including the Brazil Startup Summit, and exploratory collaborations with agencies such as NASA, European Space Agency, and JAXA, reflect the increasing internationalization of such initiatives. While India's achievements—exemplified by missions like Mars Orbiter Mission and Chandrayaan-3—demonstrate significant progress, gaps persist in deep-space capabilities and commercial infrastructure. Nevertheless, this journey highlights a broader paradigm: innovation is not constrained by geography, age, or institutional pedigree, but driven by persistence, learning, and vision.

पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में उत्सव

# जयपुर में भाजपा ने मनाया जीत का जश्न

## प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने मुख्यमंत्री को पहनाया साफा, कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, एक-दूसरे को खिलाई बंगाली मिठाइयां



FAIR REPORT

जयपुर

पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भव्य उत्सव मनाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ भाजपा पदाधिकारीगण, सरकार के मंत्रीगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बंगाली मिठाई 'संदेश', मिष्टी दोई खिलाकर खुशी व्यक्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने झालमुडी खाई और कार्यकर्ताओं को खिलाई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सहित असम और पुदुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर पूरे हिंदुस्तान के नागरिकों में खुशी की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब पश्चिम बंगाल विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। भाजपा सरकार अब पश्चिम बंगाल की जनता को सुशासन देगी। राठौड़ ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उनकी टीम को भी पश्चिम बंगाल चुनाव में जनजागरण चलाने और भारी बहुमत के साथ कमल खिलाने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना।

### झालमुड़ी खाकर मनाई सभी ने खुशी



### अब देश में एक भी घुसपैठिया नहीं घुस पाएगा : राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन से आमजन परेशान हो गया था। ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से जुड़े क्षेत्रों में लगातार घुसपैठियों को देश में प्रवेश करवाया। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी ने जैसा आचरण वहां की जनता के साथ किया, उससे परेशान मतदाताओं ने ममता को हराकर कमल खिलाने का काम किया है। पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी के मंसूबों को नेस्तनाबूत करने का काम किया। अब देश में एक भी घुसपैठिया नहीं घुस पाएगा। ममता के गुंडे राष्ट्रभक्त लोगों के साथ मारपीट करते थे, जबरन उनके घरों में आग लगाने जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में अब बदलाव की बयार आई है। भाजपा की प्रचंड जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। उन्होंने राजस्थान की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राजस्थान में विकास के लिए जो मांगा, उससे अधिक दिया। मोदी का सिर्फ और सिर्फ एक ही एजेंडा है - विकास। उनकी इसी नीति के चलते राजस्थान में 2028 के विधानसभा चुनावों में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने जीत पर जताया हर्ष

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने चुनाव परिणाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जीत बताया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भय को समाप्त कर वहां की जनता ने विश्वास को मतदान किया। सांसद सीपी जोशी ने कहा, "पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव पर मैं अपनी तरफ से सभी को बधाई देता हूं। यह जीत नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास की जीत है। जोशी ने कहा, "मैं सोचता हूं कि प्रधानमंत्री की गारंटी पर विश्वास करना, केंद्रीय गृहमंत्री की कुशल रणनीति के कारण बंगाल में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनी है।

### 'ममता बनर्जी ने तुष्टिकरण-भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा'

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को लगातार एक के बाद एक पूरा कर रहे हैं। मुखर्जी के धारा 370 हटाने के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया। अब पश्चिम बंगाल में सुशासन का सपना भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि उस नरेंद्र ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी, और इस नरेंद्र ने इसे साकार करने का काम किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पश्चिम बंगाल के कार्यकर्ताओं के संघर्ष पर साधुवाद दिया और उनके अथक मेहनत व परिश्रम के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को प्रण दिलाया कि "कश्मीर हो या हो गुवाहाटी — अपना देश, अपनी माटी" के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है। राष्ट्र के लिए, प्रदेश के लिए और जनता के लिए हम कैसे कार्य कर सकते हैं, यही हमारा विजन होना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने सदैव तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया।

**ये सभी बड़े नेता रहे जश्न में मौजूद:** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, सतीश पूनिया, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, मंजू शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, कैलाश मेघवाल, भूपेंद्र सैनी, डॉ. मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री नारायण मीणा, अजीत मांडण, एकता अग्रवाल, सीताराम पोसवाल, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, सरकार के मंत्री जोगाराम पटेल, हीरालाल नागर, मदन दिलावर, गौतम दक, केके विश्नोई, मंजू बाघमार, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, कन्हैयालाल चौधरी, विजय सिंह, विधायक गोपाल शर्मा, बाल मुकुंदाचार्य सहित कार्यकर्ता एवं भाजपा प्रदेश पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



## नवीन आपराधिक एवं साइबर कानूनों पर राज्य स्तरीय कार्यशाला 9 मई को

### विधि मंत्री ने सचिवालय में तैयारियों के संबंध में ली समीक्षा बैठक



FAIR REPORT

जयपुर

राजस्थान सरकार के विधि एवं विधिक कार्य विभाग की ओर से 9 मई को जयपुर के बी.एम. बिड़ला ऑडिटोरियम में लोक अभियोजकों एवं विशेष लोक अभियोजकों के लिए एक दिवसीय महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला की तैयारियों के संबंध में सोमवार को शासन सचिवालय में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विभाग के उच्चाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक के दौरान विधि मंत्री पटेल ने कार्यशाला के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में लोक अभियोजकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश में लागू हुए नवीन आपराधिक कानूनों, बढ़ते साइबर अपराधों और विशेष रूप से दिव्यांगजनों से संबंधित कानूनों की गहन समझ विकसित करना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यशाला के माध्यम से अभियोजन तंत्र को और अधिक प्रभावी, सशक्त और पारदर्शी बनाने पर बल दिया जाए।

विधि मंत्री ने कहा कि समय के साथ कानूनों में आ रहे बदलावों के अनुरूप अभियोजकों को प्रशिक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे न केवल न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि आमजन को परिणामकारी न्याय सुलभ हो सकेगा। कार्यशाला में मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम में राजस्थान के महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद और विधि मंत्री जोगाराम पटेल की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। बैठक में प्रमुख शासन सचिव (विधि) राजेंद्र काछवाल सहित विधि विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने अब तक की तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया

## जयपुर बाल महोत्सव शुरू, 41 जिलों के बच्चों की प्रतिभा और संस्कृति का संगम

FAIR REPORT

जयपुर




महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला में डिजिटल बाल मेला की ओर से आयोजित तीन दिवसीय जयपुर बाल महोत्सव का शुभारंभ करते हुए बच्चों की रचनात्मकता की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, जहां उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ प्रदेश की विविध सांस्कृतिक पहचान को समझने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर उन्होंने फ्यूचर सोसायटी का आभार जताते हुए कहा कि 41 जिलों से आए बच्चों ने अपने-अपने जिले की विशेषताओं को जिस तरह प्रस्तुत किया है, वह सराहनीय है। बाघमार ने कहा कि राज्य के हर जिले में ऐसे बाल महोत्सव का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने अपने गृह जिले नागौर में अगला बाल महोत्सव आयोजित करने का ऐलान भी किया।

मंत्री बाघमार ने कहा कि बाल महोत्सव जैसे आयोजन बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ता है और उनमें टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनमें शिक्षा, संस्कार और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही बाल श्रम के खिलाफ भी सरकार अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में राजस्थान के 41 जिलों से आए बच्चों ने भाग लिया और विभिन्न स्टॉल्स के माध्यम से अपने जिले की संस्कृति, परंपरा और विशेषताओं का प्रदर्शन किया।

डिजिटल बाल मेला की संस्थापक जान्हवी शर्मा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों के जीवन में बढ़ते खालीपन को दूर करना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। कोग्निवेरा के संस्थापक कमलेश शर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक मेला नहीं, बल्कि बच्चों का एक समृद्ध संसार है, जहां राजस्थान के हर जिले की संस्कृति जीवंत हो उठी है। कार्यक्रम में फ्यूचर सोसायटी के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर अजय शर्मा, डॉ. अलका गौड़, डॉ. मीना शर्मा, दीपक शर्मा और आरजे कार्तिक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वच्छ सहकार, समृद्ध सहकार अभियान: शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने किया शंखनाद, 29 मई तक चलेगा विशेष अभियान

## सहकारिता विभाग में स्वच्छता और सुव्यवस्था का नया युग शुरू

FAIR REPORT

जयपुर



सहकारिता विभाग में कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने, कार्यालयों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने तथा प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सहकार, समृद्ध सहकार' विशेष अभियान का सोमवार से शुभारम्भ हुआ।

यह अभियान प्रधान कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में 4 से 29 मई तक चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा, जिसमें कार्यालयों की साफ-सफाई सहित चिह्नित रिकॉर्ड एवं कबाड़ के निस्तारण की कार्यवाही की जाएगी। सहकारिता विभाग के शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार डॉ. समित शर्मा ने अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर नेहरू सहकार भवन में सभी अनुभागों एवं भवन में स्थित सहकारी संस्थाओं के कार्यालयों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यस्थल की स्वच्छता और व्यवस्थित कार्यप्रणाली पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कुछ कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर शासन सचिव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों को कार्यालय समय में पहचान पत्र प्रदर्शित करने तथा बायोमीट्रिक उपस्थिति के लिए आवश्यक रूप से रजिस्ट्रेशन करवाने के भी निर्देश दिए।

### '5S' पद्धति से विकसित होगी दफ्तर में कार्य संस्कृति

कार्यालयों में एवं संस्थानों में कुशल प्रबंधन, स्वच्छता, कार्यकुशलता एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी के लिए '5S' पद्धति को व्यवहार में लाया जाना भी है। इसके अंतर्गत 'Seiri (छँटाई)' चरण में अनुपयोगी, नाकारा एवं पुरानी फाइलों, सामग्री एवं उपकरणों की पहचान कर उन्हें पृथक् करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। 'Seiton (सुव्यवस्था)' के तहत आवश्यक फाइलें, अभिलेख एवं उपकरण निर्धारित स्थान पर सुव्यवस्थित रखे जाएंगे तथा अलमारी, रैक, स्टोर एवं डेस्क पर स्पष्ट लेबलिंग की जाएगी। 'Seiso (स्वच्छता)' के अंतर्गत कार्यालय कक्षों, बरामदों, स्टोर आदि की नियमित साफ-सफाई कर कार्यस्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं आकर्षक बनाया जाएगा। 'Seiketsu (मानकीकरण)' के तहत कार्यालय व्यवस्था, फाइल प्रबंधन एवं स्वच्छता के लिए एकरूप मानक अपनाते हुए नियमित अनुरक्षण की प्रक्रिया निर्धारित की जाएगी, जबकि 'Shitsuke (अनुशासन)' के माध्यम से सभी कार्मिकों में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित कार्य संस्कृति विकसित करते हुए '5S' पद्धति को दैनिक कार्यप्रणाली का अभिन्न अंग बनाया जाएगा।

**3 चरणों में संचालित होगा अभियान**

अभियान के अंतर्गत पहले चरण में अनुपयोगी रिकॉर्ड एवं सामग्री की पहचान, दूसरे चरण में व्यापक सफाई एवं व्यवस्था सुधार तथा तीसरे चरण में चिन्हित सामग्री का नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। सभी कार्यालयाध्यक्षों को अभियान की नियमित मॉनिटरिंग कर साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान अवधि के दौरान एवं पश्चात सभी कार्यालयों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।

## ब्रीफ खबरें

### कलेक्टर संदेश नायक ने की स्व-गणना, प्रक्रिया को बताया सरल



**जयपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिला कलेक्टर संदेश नायक ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में स्व-गणना कर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जयपुर जिले के नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करें, जिससे सटीक एवं अद्यतन आंकड़े प्राप्त हो सकें। जिला कलक्टर ने स्व-गणना पोर्टल https://se.census.gov.in के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन स्मार्टफोन पर दर्ज की तथा बताया कि यह प्रक्रिया अत्यंत सरल, सुरक्षित एवं समय की बचत करने वाली है। स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया चन्द मिनटों में आसानी से पूर्ण की जा सकती है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया में सबसे पहले पोर्टल पर लॉगिन कर बेसिक जानकारी दर्ज करनी होती है, जिसके बाद हाउसहोल्ड रजिस्ट्रेशन में परिवार के मुखिया का नाम एवं मोबाइल नंबर दर्ज किया जाता है। इसके पश्चात ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कर पोर्टल पर दी गई भाषाओं में से अपनी पसंद की भाषा का चयन किया जाता है। आगे की प्रक्रिया में जिला, क्षेत्र, मोहल्ला एवं लैंडमार्क सहित लोकेशन से संबंधित जानकारी भरनी होती है तथा मैप पर अपने घर की सटीक लोकेशन मार्क करनी होती है। इसके बाद घर एवं परिवार से संबंधित जानकारी जैसे मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या एवं उपलब्ध सुविधाओं का विवरण दर्ज किया जाता है।

### जनसुनवाई में उमड़ा सैलाब, डिप्टी सीएम दिया ने सुनी समस्याएं



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को सिविल लाइंस स्थित आवास पर जनसुनवाई आयोजित की, जिसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान आमजन ने बिजली, पानी, सड़क, अतिक्रमण सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। उपमुख्यमंत्री ने सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता और आत्मीयता से सुना। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान के आदेश दिए। जनसुनवाई के दौरान लोगों में अपनी बात सीधे सरकार तक पहुंचाने का उत्साह देखने को मिला, वहीं उपमुख्यमंत्री के इस पहल को आमजन के बीच सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है।

### ग्रीष्मावकाश पर खड़की-सांगानेर एकतरफा स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा को देखते हुए खड़की-सांगानेर (जयपुर) एक तरफा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 01433, खड़की-सांगानेर (जयपुर) एकतरफा स्पेशल 4 व 5 मई को खडकी से सुबह 9.45 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7.45 बजे सांगानेर पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में लोनावला, कल्याण, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, अंकलेश्वर, वडोदरा, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा व सवाईमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### देश-विदेश के प्रतिभागियों को समझाई जमीन आवंटन प्रक्रिया



**जयपुर।** राजस्थान फाउंडेशन द्वारा रीको के सहयोग से सोमवार को वर्चुअल नॉलेज सीरीज के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान फाउंडेशन के सभी 26 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय चैप्टर्स के अध्यक्ष एवं सदस्य, बड़ी संख्या में देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानी और निवेशक जुड़े। इस सेशन में रीको की डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट पॉलिसी के बारे में आवेदन से लेकर अलॉटमेंट तक की विस्तृत जानकारी दी गई। उद्योग और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी कार्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व रीको के चेयरमैन शिखर अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान में निवेश करने और उद्यमियों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को रीको द्वारा पूर्णतया ऑनलाइन, पारदर्शी और आसान कर दिया गया है। रीको के पोर्टल पर निवेशकों द्वारा राज्य में उनके इच्छित स्थानों पर विभिन्न साइज के प्लॉट (जो डायरेक्ट अलॉटमेंट अथवा ऑक्शन के लिए उपलब्ध हैं) के लिए आवेदन किया जा सकता है। निवेशकों की सुविधा के लिए पोर्टल पर प्रत्येक प्लॉट का साईट प्लान और गूगल लोकेशन भी उपलब्ध है। इस वर्चुअल सेशन में रीको के अधिकारियों द्वारा एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें राजनिवेश पोर्टल के माध्यम से एमओयू के फॉर्म भरने एवं रीको की वेबसाइट पर भूमि आवंटन हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया का लाइव डेमो दिया गया और डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट पॉलिसी के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि इस नीति के तहत राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए एमओयू के साथ - साथ नए एमओयू भी राजनिवेश पोर्टल पर 31 दिसंबर तक किए जा सकेंगे। सेशन में राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा, ईडी रीको आकाश तोमर, एडवाइजर इंफ्रा निमिषा गुप्ता ने प्रतिभागियों के द्वारा पूछे गए सवालों का विस्तार से जवाब दिया। उल्लेखनीय है कि शिखर अग्रवाल द्वारा 27 अप्रेल को राजस्थान फाउंडेशन के सभी चैप्टर्स के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा राइजिंग राजस्थान के दौरान किए गए एमओयू में भूमि आवंटन के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई थी। इसी के मध्यनजर रीको के द्वारा सभी निवेशकों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए इस वर्चुअल सेशन का आयोजन किया गया।

## ब्रीफ खबरें

### माधव विश्वविद्यालय में नर्सरी प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित



**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर में बीएससी एजी के विद्यार्थियों के लिए नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सब्जी फसलों की नर्सरी तैयार करने की आधुनिक एवं वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने सीखा कि किस प्रकार कम स्थान में अधिक पौध तैयार की जाती है तथा पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल कैसे की जाती है। अधिष्ठाता डॉ. गीतम सिंह ने कहा कि नर्सरी तैयार करने से बीजों की अंकुरण क्षमता की जानकारी मिलती है तथा लगभग 1 माह तक पौधों को सुरक्षित रखकर मुख्य फसल के समय की भी बचत की जा सकती है। फिर उचित समय पर पौधों की रोपाई कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के शाहरुख खान, कृष्णपाल, सुधा, संतोष पारगी, तुषार चौधरी, प्रीति पाटीदार, वंशिका पाटीदार, उमेश बिश्नोई, अभिलाषा स्वामी, विक्रम कुमार, अंजू सैनी, समता हुड्डा, अरविंद जांगिड़, तनु सैनी, सुमन बिश्नोई, देव नागल, राहुल कुमार, मनीष, ओम प्रकाश, करण मीणा, ज्योति सैनी, चिंतन कुमार, विकास बेनीवाल, हर्ष सुखाड़िया, चंपाराम, महावीर कुमार, नवीन कुमावत, विकास इनानिया, श्रवणचंद मीणा, सचिन मीणा, ललित गरासिया, निर्मला कुमारी कटारा, योगेश कुमार एवं पुखराज सहित अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### आईएमए की बैठक में स्वास्थ्य के लिए खतरनाक मिक्सोपैथी का पुरजोर विरोध




**भीलवाड़ा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की 235वीं केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में संपन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जे. नायक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजस्थान के प्रतिनिधियों सहित देशभर के चिकित्सा विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। बैठक में सरकार द्वारा 'इंटीग्रेटेड मेडिसिन' के नाम पर लागू की जा रही मिक्सोपैथी का पुरजोर विरोध किया गया। इसे जन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बताते हुए मेडिकल छात्रों से इसके विरुद्ध संघर्ष का आह्वान किया गया। वही डॉक्टरों को उपभोक्ता संरक्षण कानून से मुक्त रखने और कार्यस्थल पर होने वाली हिंसा के विरुद्ध कड़े कानूनी प्रावधानों पर चर्चा हुई। इस दौरान आईएमए के निर्माणाधीन मुख्यालय के लिए राजस्थान के डॉ. सुनील चुघ व डॉ. एम. पी. शर्मा ने 1-1 लाख और डॉ. फरियाद मोहम्मद ने 12 हजार का सहयोग दिया। बैठक में 3 पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस दौरान डॉ. सुनील चुघ , डॉ. एम. पी. शर्मा, डॉ. फरियाद, डॉ. आनंद गुप्ता ने शिरकत की।

### केंद्रीय मंत्री ने किया "कैंसर थ्रो आउट आयुर्वेदिक लैंस" पुस्तक का विमोचन




**भीलवाड़ा।** केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने भीलवाड़ा के श्रीनवग्रह आश्रम सेवा संस्थान के संस्थापक वैद्य हंसराज चौधरी द्वारा लिखित अंग्रेजी शोध पुस्तक "Cancer Through Ayurvedic Lens" का विमोचन किया।इस दौरान मंत्री जाधव ने कहा कि केंद्र सरकार पारंपरिक आयुर्वेद को आधुनिक साक्ष्य-आधारित विज्ञान से जोड़ रही है।वैध चौधरी ने बताया कि पुस्तक का प्रकाशन भारत और लंदन में किया गया है, जिससे आयुर्वेद के वैज्ञानिक पक्ष को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।वही इस पुस्तक में कैंसर के कारणों और उपचार हेतु आयुर्वेद के साथ-साथ एलोपैथी व होम्योपैथी का भी समन्वित विश्लेषण किया गया है।उधर मंत्री ने औषधीय पौधों के संरक्षण और सड़कों के किनारे उनके रोपण की योजना पर भी बल दिया।विमोचन के बाद वैद्य चौधरी ने मंत्री को अपनी 10 पुस्तकों का सेट भी भेंट किया, जिसे आयुष मंत्रालय व पीएमओ तक पहुँचाने का आश्वासन दिया गया। समारोह के दौरान महाराष्ट्र के जयंत वानखेड़े सहित अन्य कई आयुर्वेद विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### मुनि बोले-शुभ कर्मों में प्रवृत्ति सम्यक चरित्र का ही वास्तविक स्वरूप है



**भीलवाड़ा।** अशुभ प्रवृत्तियों से निवृत्ति और शुभ कर्मों में प्रवृत्ति ही सम्यक चारित्र का वास्तविक स्वरूप है। जब मनुष्य अपने जीवन में यह भेद समझ लेता है, तब उसका जीवन आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर हो जाता है। यह विचार आर के कॉलोनी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा में विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य प्रणीत सागर महाराज ने ग्रीष्मकालीन वाचना के दौरान व्यक्त किए। मुनि श्री ने सम्यक चारित्र की व्याख्या करते हुए कहा कि जैसे पाषाण के भीतर स्वर्ण, दूध में घी और तिल में तेल छिपा रहता है, उसी प्रकार शरीर के भीतर आत्मा विराजमान है, जो स्वयं शिव और भगवान स्वरूप है। किंतु जब मनुष्य शरीर के सुख-साधनों- अधिक भोजन, श्रृंगार और इन्द्रिय भोग में लिप्त रहता है, तो वह अनजाने में आत्मा का अपकार करता है। जो इसको समझ लेता है, वह स्वतः ही सम्यक चारित्र की ओर अग्रसर हो जाता है। आत्मा का स्वभाव ऊर्ध्वगामी होता है, ठीक वैसे ही जैसे तृण, काष्ठ और तेल पानी में डूबने के बजाय ऊपर ही तैरते हैं।

**समीक्षा बैठक में कलेक्टर सख्त: योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाने के निर्देश**

# फ्लैगशिप योजनाओं और बजट घोषणाओं की प्रगति पर हुई चर्चा, समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और बजट घोषणाओं की विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ समय पर और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। खाद्य विभाग को एनएफएसए में पात्र परिवारों को शीघ्र जोड़ने, ऊर्जा विभाग को कुसुम योजना, आरडीएसएस व सौर ऊर्जा कार्यों में तेजी लाने को कहा गया। महिला अधिकारिता विभाग को लाडो प्रोत्साहन योजना व स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया। कृषि विभाग को जल संरक्षण आधारित खेती बढ़ाने, स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान योजना के तहत सुविधाएं मजबूत करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण विकास विभाग को स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना सहित अन्य योजनाओं को लक्ष्य अनुसार पूरा करने को कहा गया। शिक्षा विभाग में स्कूलों की गुणवत्ता, मिड-डे मील व सुविधाओं की समीक्षा की गई। पीडब्ल्यूडी को सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने और नगरीय निकायों को साफ-सफाई व लाइटिंग व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को शाम को क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने, संपर्क पोर्टल की शिकायतों का समय पर निस्तारण करने और ई-फाइल प्रणाली से काम करने के निर्देश भी दिए।बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामचंद्र खटीक, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, यूआईटी सचिव एवं नगर परिषद आयुक्त कैलाश चंद्र गुर्जर सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**अधिकार क्षेत्र के बाहर काम किया : 5 करोड़ के टेंडर विवाद का मामला भी गर्माया**

# डेयरी MD पर घोटाले के आरोप, निलंबन की मांग

FAIR REPORT

सीकर



राजस्थान के सहकारी दुग्ध तंत्र और सीकर डेयरी में प्रबंध स्तर की कार्यप्रणाली को लेकर एक और बड़ा विवाद सामने आया है। पश्चिमी राजस्थान दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. जोधपुर के अध्यक्ष रामलाल विश्नोई ने मुख्यमंत्री को एक तथ्यात्मक ज्ञापन भेजा है। इसमें सीकर जिला दुग्ध संघ के वर्तमान प्रबंध संचालक (MD) एल.सी. बलाई पर फर्जी भर्ती, घी घोटालों और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए उनके तत्काल निलंबन की मांग की गई है। विश्नोई के अनुसार बलाई के खिलाफ सहकारिता विभाग से लेकर एसओजी तक जांच लंबित है। सबसे बड़ी चिंता सीकर डेयरी में हाल ही में जारी टेंडरों को लेकर है। सीकर संघ की ओर से 10 मार्च को जारी ई-निविदा सूचना के अनुसार, बलाई के कार्यकाल में 4 करोड़ रुपए सुरक्षा व्यवस्था, 25 लाख रुपए ईटीपी प्लांट और अन्य लाखों के टेंडर निकाले गए हैं। इन करीब 5 करोड़ रुपए के टेंडरों की प्रक्रिया 10 अप्रैल को पूरी होनी थी। विश्नोई का आरोप है कि एल.सी. बलाई मूल रूप से हनुमानगढ़ दुग्ध संघ के कर्मचारी हैं। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) को उनका ट्रांसफर करने का अधिकार नहीं था, फिर भी 2013 में उन्हें सीकर डेयरी का एमडी बना दिया गया। उनके वर्ष 2005 से 2013 तक के कार्यकाल में फर्जी बिलों के बिना शुद्ध घी के अनियमित रूप से बाहर जाने और दुग्ध समितियों को देय राशि से अधिक भुगतान का मामला सामने आया था। इस पर 29 नवंबर 2013 को उन्हें आरोप-पत्र थमाया गया था।

रजिस्ट्रार सहकारिता के 30 नवंबर 2025 के रिमांड आदेश के बाद इस प्रकरण में धारा-55 के तहत साल 2005 से 2013 की अवधि के लिए दोबारा जांच के निर्देश दिए गए हैं। बलाई के खिलाफ एक और गंभीर मामला कोटा की फर्म मैसर्स शिव हैल्थ फूड एल.एल.पी. से जुड़ा है। आरसीडीएफ के रिकॉर्ड के अनुसार- इस फर्म को घी बनाने का टेंडर दिया गया था लेकिन फर्म की ओर से निर्मित घी खराब पाया गया और उसे बाजार में वितरित कर दिया गया।

इसकी जांच के बाद 7 सितंबर 2020 को तत्कालीन महाप्रबंधक (डीपीएम) एल.सी. बलाई के खिलाफ राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम की धारा-57 के तहत वसूली की कार्यवाही का निर्णय लिया गया था। वर्तमान में इस वसूली पर हाईकोर्ट से स्टे आदेश है। विवाद का सबसे नया पहलू साल 2021-22 में राजस्थान सहकारी भर्ती बोर्ड के माध्यम से हुई भर्तियों में फर्जीवाड़े से जुड़ा है। दस्तावेजों के पुनः सत्यापन में अनुभव और शैक्षणिक योग्यता के कूटरचित दस्तावेज सामने आए थे। जांच कमेटी ने दीपेश लांबा के चयन को त्रुटिपूर्ण माना और तत्कालीन महाप्रबंधक एल.सी. बलाई को 'पर्यवेक्षणीय लापरवाही' का दोषी माना। इसके चलते 21 नवंबर 2025 को उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

### निलंबन का अधिकार बोर्ड डायरेक्टर्स को...

वही इस मामले में एल.सी. बलाई के 21 नवंबर 2025 के निलंबन आदेश को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने इस तकनीकी आधार पर रद्द कर दिया था कि निलंबन का अधिकार 'एमडी' के बजाय 'बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स' के पास है। इसके बाद आरसीडीएफ ने इस फैसले के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की थी। 13 मार्च को डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया कि 'सक्षम प्राधिकारी' कानून के अनुसार बलाई के खिलाफ नए सिरे से आदेश पारित करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं। सबसे अहम बात यह रही कि कोर्ट ने विभाग को खुली छूट दी कि नई अनुशासनात्मक कार्रवाई करते समय वह सिंगल जज द्वारा मेरिट्स पर की गई किसी भी टिप्पणी से बिल्कुल प्रभावित न हो। कोर्ट से यह रास्ता साफ होने के बाद ही अब विश्नोई ने सरकार से बलाई को तत्काल निलंबित करने की मांग तेज कर दी है।

### SHO पर पॉक्सो के सबूत छिपाने का लगा आरोप!



**भरतपुर।** जिले में SHO की लापरवाही से 13 साल की रेप पीड़िता को न्याय नहीं मिला। पॉक्सो के मामले में 75 साल का रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी जमानत पर बाहर आ गया। पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि आरोपी पक्ष ने उन्हें डराकर बयान बदलवा लिए। पुलिस ने भी आरोपियों का साथ दिया। SHO ने रेप का वीडियो और बच्ची के कपड़े कोर्ट में सबूत के तौर पर पेश नहीं किए। बच्ची के 10 साल के भाई ने छुपकर रेप का वीडियो भी बनाया था और परिजनों के आने पर इसे दिखा कर पूरी घटना बताई थी। कोर्ट के कहने पर बच्चे ने फोन से वकीलों के वीडियो बना कर इसकी पुष्टि भी की। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने SHO को फटकार लगाते हुए मेडिकल कराने के आदेश दिए। बच्ची आरोपी को सजा दिलाने के लिए मेडिकल करवाने के लिए 1 महीने तक नहीं नहाई थी।

# विधायक कार्यालय पर जश्न: तीन राज्यों में भाजपा बहुमत पर मनाया उत्सव

**मतगणना के रुझानों के साथ ही बढ़ा उत्साह, विधायक आक्या के नेतृत्व में मिठाई बांटकर मनाई जीत**

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलने के साथ ही चित्तौड़गढ़ में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया। सोमवार को विधायक कार्यालय पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए और बड़ी एलईडी स्क्रीन पर मतगणना के रुझान देखते रहे। जैसे ही तीनों राज्यों में पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने की खबर मिली, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और कार्यालय परिसर जश्न में बदल गया। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बंगाली रसगुल्ला खिलाकर जीत की बधाई दी। इस दौरान "भारत माता की जय" और "भाजपा जिंदाबाद" के नारे भी गूंजते रहे। विधायक आक्या ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास विजन की जीत बताया। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और इन राज्यों की जनता ने भाजपा पर विश्वास जताते हुए ऐतिहासिक समर्थन दिया है।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक रायका, अनिल इनाणी, एडवोकेट ओम शर्मा, शैलेन्द्र झंवर, नवीन पटवारी, रवि विराणी, गिरीश दीक्षित, सोहनलाल आंजना, रामप्रसाद बगेरवाल, पिंटू मीणा, विनीत तिवारी, कालू सेन, गोपाल जाजू, कुलदीप शर्मा, महेंद्र सिंह, रवि बैरागी, हर्षद दशोरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में सरकारी स्कूल के छात्र से लगवाई 200 उठक-बैठक, तबीयत बिगड़ी

FAIR REPORT

भीलवाड़ा




शहर की सरकारी स्कूल में टीचर ने 8वीं के छात्र से 200 उठक-बैठक लगवाई। जिससे बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। स्कूल स्टाफ उसे इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल ले गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बच्चे को छुट्टी दे दी गई है। जानकारी मिलते ही परिजन बच्चे को लेकर स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख बीएड महिला टीचर स्कूल से रवाना हो गई। बच्चे की मां ने कहा कि महिला टीचर ने मेरे बेटे को टॉर्चर किया है। अगर उसकी मौत हो जाती तो कौन जिम्मेदार होता। हंगामा होते देख आरोपी महिला टीचर स्कूल से रवाना हो गई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के कावाखेड़ा राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में सोमवार का है। कावाखेड़ा के सरकारी स्कूल में बीएड की इंटर्नशिप कर रही एक महिला टीचर ने 8वीं के छात्र को पढ़ाई नहीं करने पर सजा दी। टीचर पर आरोप है कि उसने छात्र से क्लास रूम में 200 उठक-बैठक लगवाई। इससे बच्चे की तबीयत बिगड़ गई और बेहोश हो गया। बच्चे की मां ने कहा- कुछ दिन पहले ही बेटे का कावाखेड़ा के विद्यालय में अस्थाई एडमिशन करवाया है। महिला टीचर ने बेटे से उठक-बैठक लगवाई। इससे मेरे बेटे की हालत बिगड़ गई और उसे हॉस्पिटल ले जाना पड़ा। स्कूल पढ़ाई करवाने के लिए है, लेकिन गर्मी में उठक-बैठक लगवाई।

**भीलवाड़ा जिले में 'मुफ्त राशन योजना' पर डाका : जहां गरीबों की मदद होनी थी वहां धोखाधड़ी से गरीबों का निवाला छीना**

# 'सफेदपोशों' ने डकारा गरीबों का गेहूं', विभाग ने वसूले 1.77 करोड़ रु.

FAIR REPORT

भीलवाड़ा



राजस्थान में गरीबों के निवाले पर डाका डालने वाले रसूखदारों के खिलाफ सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। भीलवाड़ा जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत फर्जी तरीके से मुफ्त गेहूं डकारने वाले 1,283 सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की ना सिर्फ पहचान की गई बल्कि रसद विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए इन अपात्र लोगों से 1 करोड़ 77 लाख रुपये की रिकवरी की है। जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से जिले के 1,355 ऐसे संदिग्धों की सूची मिली थी, जो सरकारी पदों पर होने के बावजूद मुफ्त राशन का लाभ ले रहे थे। गहन जांच के बाद 1,283 लोगों पर आरोप सही पाए गए, जबकि 72 लोगों के खिलाफ प्रमाण नहीं मिले। दोषी पाए गए इन 'सफेदपोशों' से 27 रुपये प्रति किलो की दर से गेहूं की पूरी कीमत वसूल की गई है।

**75 लाख नए जोड़ने की तैयारी:** एक ओर जहां अपात्रों पर गाज गिरी है, वहीं दूसरी ओर पात्र परिवारों को जोड़ने की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश स्तर पर सरकार एनएफएसए के दायरे में 75 से 82 लाख नए नाम जोड़ने जा रही है। जिले में वर्ष 2022 और 2025 के चरणों को मिलाकर अब तक 2,94,771 नए व्यक्ति योजना से जुड़ चुके हैं।जबकि पुनः खुले पोर्टल के माध्यम से 99,806 ऐसी विवाहित महिलाएं और उनके बच्चे योजना में शामिल हुए हैं, जो अन्य राज्यों से आए हैं। जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा के अनुसार जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत का लाभ केवल जरूरतमंदों को मिले, यह हमारी प्राथमिकता है। जो लोग पात्र नहीं थे और फिर भी गेहूं उठा रहे थे, उनसे व्यावसायिक दर पर वसूली की जा चुकी है। पोर्टल के जरिए नए पात्र लोगों को जोड़ने का काम जारी है। वहीं प्रदेश में एनएफएसए में लगभग 75 लाख से 82 लाख नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया को गति दी है। फैकट फाईल के अनुसार कुल राशनकार्ड, 3,99,744 यूनिट्स, 14,17,164 दुकानें 855 (714 ग्रामीण, 141 शहरी), ताजा अपडेट: 26 जनवरी 2025 से खुले पोर्टल से अकेले 1.37 लाख से अधिक लोग जुड़े हुए है।

### मिली थी बाहरी महिलाएं फर्जी लाभार्थी ...

भीलवाड़ा में गरीबों के निवाले पर हाथ साफ करने वाले सफेदपोशों पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीबों का हक छीनने वाले रसूखदारों को रसद विभाग ने कड़ा सबक सिखाया है। भीलवाड़ा जिले में फर्जी तरीके से गेहूं डकारने वाले 1283 अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान कर विभाग ने उनके हलक से 1 करोड़ 77 लाख रुपए उगलवा लिए हैं। यह कार्रवाई उनके चेहरे बेनकाब करती है, जो सरकारी पदों पर बैठकर भी जरूरतमंदों की थाली में सेंध लगा रहे थे। वर्तमान में लगभग 1.09 करोड़ राशन कार्ड एनएफएसए के दायरे में हैं।

## BJP workers celebrate victory in three states at Collectorate Square

# Drums, fireworks and sweets mark celebrations after wins in Bengal, Assam and Puducherry

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Bharatiya Janata Party (BJP) workers celebrated the party's victory in West Bengal, Assam and Puducherry at Collectorate Square in the city on Monday. A large number of party leaders and workers gathered and celebrated with drums and music. Fireworks lit up the sky during the celebration. Workers raised slogans like "Bharat Mata Ki Jai", "Vande Mataram" and "BJP Zindabad". They also shared sweets to express their (happiness). The entire square had a festive atmosphere. District President Ratanlal Gadri said the victory is the result of the leadership of Prime Minister Narendra Modi, Home Minister Amit Shah and the party's strong policies and organization. MLA Chandrabhan Singh Akya said the win reflects the trust and support of the people. According to information, MP C.P. Joshi stayed in Kolkata for a month during the Bengal elections and played a role in planning. The war room under his leadership managed rally schedules and arrangements. Kamlesh Purohit from Chittorgarh was also given responsibility in the campaign.District President Ratanlal Gadri, MLA Chandrabhan Singh Akya, former District President Mitthulal Jat, District General Secretary Raghu Sharma, Harshvardhan Singh Rood, Shravan Singh Rao, Sagar Soni, Sudhir Jain, Govardhan Jat, Gaurav Tyagi and many other workers were present.

## Major drug bust: 5.14 kg opium seized, 2 smugglers arrested in Shambhupura

### Motorcycle seized; third big action in 10 days under Operation Trinetra

FAIR REPORT




**Chittorgarh-** In a major crackdown on drug smuggling, police achieved another success under a special anti-narcotics drive, tightening vigil on illegal transport routes. Shambhupura police seized 5 kg 140 grams of illegal opium and arrested two accused during action under Operation Trinetra. The motorcycle used for transport was also seized. This is the third major action by the police in the last 10 days. SP Manish Tripathi said the drive is being carried out on the directions of IG Udaipur Range Gaurav Srivastava to act against storage and transport of narcotics. The team worked under ASP Sarita Singh and supervision of DSP Vinod Kumar. During a police checkpoint in the police station area, SHO Dharamraj Meena and his team stopped a motorcycle for checking. On search, 5.14 kg of illegal opium was recovered from the vehicle. Both riders were taken into custody on the spot. The arrested accused are Khemraj (41), resident of Rajpuriya, Neemuch district, and Pappu Sen, resident of Jawi, Neemuch (Madhya Pradesh). Police also seized the motorcycle used in smuggling. A case has been registered and further investigation is going on to find the source and supply network of the opium.

## RGHS fraud case: Ex-superintendent, lab operator arrested; seven doctors suspended




FAIR REPORT

**JAIPUR:** In a major crackdown on alleged irregularities under the Rajasthan Government Health Scheme, the State's Special Operations Group (SOG) has arrested a former hospital superintendent and a private lab operator in connection with a suspected medical testing scam in Sikar.

According to officials, Kamal Kumar Agarwal, former superintendent of a hospital attached to Sikar Medical College, and Banwari Lal were apprehended following early morning raids. Investigators allege that the accused were part of a network that ordered unnecessary diagnostic tests to benefit private laboratories, leading to misuse of public funds.

The Medical and Health Department has suspended seven doctors, acting on recommendations by the RGHS project director, after preliminary findings pointed to systemic irregularities. The suspended doctors were posted across hospitals linked to Sikar Medical College as well as primary and community health centres.

Officials said the probe revealed serious lapses, including the prescription of unwarranted tests. Further investigation is underway to determine the extent of the alleged fraud and fix accountability.

## West Bengal Chief Secretary directs strict safeguarding of official records

FAIR REPORT



**KOLKATA:** The West Bengal government has issued a directive to ensure the strict safeguarding of official documents, with Chief Secretary Durga Shankar Mishra instructing all departments to prevent the removal or tampering of files from government offices.

In an official communication circulated to departmental secretaries and heads of offices, the Chief Secretary emphasised that no important documents or files should be taken outside premises under any circumstances. The directive also called for heightened vigilance to ensure that records are neither misplaced nor damaged.

The order comes amid heightened political activity in the State, prompting the to reinforce institutional protocols governing the handling of sensitive and official material. Sources indicated that the move is aimed at maintaining transparency and preserving the integrity of government records during a period of administrative transition.

Officials have been asked to ensure compliance at all levels, with responsibility fixed on departmental heads to monitor adherence. The communication underlines that any lapse in safeguarding documents would be viewed seriously.

While no specific incident has been cited in the directive, the emphasis on record protection reflects concerns over the security and proper custody of official files. Administrative experts note that such instructions are periodically issued to reinforce procedural discipline, particularly during politically sensitive phases.

## Armed criminals caught at police checkpoint, 3 arrested including ₹10,000 reward accused



### Country-made pistol and 3 cartridges found in car; Ujjain men held, supply link under probe

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Nimbahera Kotwali police arrested three men, including a 10,000 reward accused. Police recovered an illegal country-made pistol and three live cartridges. A Swift car was also seized. SP Manish Tripathi said the action was taken under Operation Sudarshan Chakra-2 to catch wanted criminals. The team worked under ASP Sarita Singh and DSP Badri Lal, led by SHO Ramsumer. On Sunday, ASI Suraj Kumar got a tip that a car coming from Neemuch side had 2-3 persons with illegal weapons. Police set up a naka at Jaliya check post and stopped the Swift car. During search, a pistol and cartridges were found with the three men. The arrested accused are Ashutosh (37), Yashvendra (28), and Nikhil Meena (24), all from Ujjain, Madhya Pradesh. Yashvendra has 22 criminal cases and was absconding in four cases. He had a reward of 10,000 declared by Chimanganj Mandi police station. Police are now questioning the accused to find where the weapon was bought and where it was to be supplied.

## BJP claims mandate in West Bengal, vows governance push

FAIR REPORT




**KOLKATA:** Declaring a decisive political breakthrough in West Bengal, the Bharatiya Janata Party (BJP) on Tuesday said the 2026 Assembly election results marked a turning point, with the party asserting that "people's power has prevailed".

In a statement following the results, party leaders described the outcome as a "spectacular mandate", crediting voters across the State for backing what they called a governance-focused agenda. "The people of West Bengal have placed their trust in the BJP. We bow to every voter for this decisive verdict," the party said.

The BJP said the mandate reflected aspirations for change, promising a government committed to transparency, development, and inclusive growth. It pledged to prioritise employment generation, infrastructure expansion, and welfare delivery, while ensuring "opportunity and dignity for all sections of society".

The results signal a significant shift in the State's political landscape, long dominated by regional forces. Political observers say the outcome could reshape governance priorities and centre-State dynamics in the years ahead.

As celebrations broke out among party workers, BJP leaders reiterated their commitment to translating electoral promises into tangible outcomes, emphasising accountability and delivery as central to their governance approach.

## Surgical strike on drug network: Smuggler's land and hotel frozen, assets worth crores seized

# Big action under Operation Trinetra; 1.2081 hectare land and hotel frozen under NDPS Act, assets worth around ₹1.5 crore targeted

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** In a strong action against drug smuggling, police have now targeted the "drug money" directly. Manglawar police station took strict action and froze illegal property worth around 1.5 crore earned from drug trafficking. The move has created panic among smugglers and sent a strong message. Under Operation Trinetra, police identified illegal assets of accused Rameshwar alias Rameshwar Lal Ahir, resident of Chaktiya, under Section 68(F)(1) of the NDPS Act. The assets include land and a hotel. SP Manish Tripathi said the special drive is being carried out on the directions of IG Udaipur Range Gaurav Srivastava to take strict action against drug-related crimes. The action was done under ASP Sarita Singh and supervision of DYSP Badi Sadri Deshraj Kuldeep. Investigation revealed that NDPS cases are registered against the accused at the Office of Deputy Narcotics Commissioner, Neemuch (Madhya Pradesh), and at Wagholi police station in Pune (Maharashtra). During the probe, police found illegal properties linked to the accused, including land and a hotel in Patwar area Nangawali under account numbers 996, 459, 178 and 1141. A proposal was sent to the Competent Authority SAFEM (FOP) NDPS Act in Delhi to freeze these properties. After hearing, the authority of the Government of India issued a final order to freeze 1.2081 hectare land and the hotel. After this, the property was officially frozen at the local level. The total value of the seized assets is estimated to be around 1.5 crore. The action involved SHO Bhagwan Lal, ASI Bhairulal and other police staff. Police are now investigating other financial sources and network of the accused to take further strict action against the drug trade.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**